# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 27 सितम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 241 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# सबका विकास हमारा संकल्प, हर वादा करेंगे पूरा

**● मुख्यमंत्री ने सभी को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई ● सीएम डॉ.यादव ने लोगों से कहा-स्वदेशी उत्पाद भी खरीदे**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सबके समग्र विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ रही है। किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए पृथक-पृथक मिशन चलाये जा रहे हैं। सबका विकास हमारा संकल्प है और इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम अपना हर वादा पूरा करके दिखायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल जिले की बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में राज्य संरक्षित स्मारक समूह स्थल चमन महल में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 126वें एपिसोड का स्थानीय स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई और अपील की कि सभी अपने जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करें और आयातित वस्तुओं की जगह देशी विकल्प अपनाएं। साथ ही पर्यावरण के प्रति सजग रहकर स्वदेशी और प्रकृति-अनुकूल उत्पादों का ही प्रयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को नवरात्रि पर्व, दशहरा और दीपावली त्यौहारों की अग्रिम मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि त्यौहारों में सिर्फ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुएं ही खरीदें। इससे हर घर में त्यौहार मनेगा। मुख्यमंत्री ने हर घर स्वदेशी और घर-घर स्वदेशी का नारा उद्घोष करते हुए कहा कि सभी को स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्पित कराया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं खरीदने से ही हमारे सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।



**● देशवासी वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मूल मंत्र बनाएं**

देशवासी वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मूल मंत्र बनाएं। जो देश में बन रहा है, वही स्वदेशी खरीदें। स्वदेशी वस्तुएं खरीद कर हम एक प्रकार से किसी कलाकार या कारीगर का सम्मान कर रहे होते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमर शहीद भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर इनका पुण्य स्मरण कर इन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने अपनी शहादत से पूरे देश को आंदोलित किया था। उन्होंने कहा कि लताजी द्वारा गाया हुआ ज्योति कलश छलके उनका सबसे पसंदीदा गीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि 11 साल में देश में खादी के प्रति आकर्षण काफी बढ़ा है। आने वाले 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती पर सभी देशवासी कम से कम एक खादी वस्त्र खरीदने का संकल्प अवश्य लें और गर्व से कहें कि हम स्वदेशी हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारत सरकार छठ पूजा को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है।

**● सीएम ने मिट्टी के दिए, तवे और अन्य उत्पाद भी खरीदे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल में लगाये गए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉल में मिट्टी के दिए, मिट्टी के तवे, कुल्हड़, मटके, करवा चौथ पूजन की सामग्री सहित मिट्टी से बने अन्य उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टॉल का अवलोकन कर मिट्टी के दिए, तवे और अन्य उत्पाद भी खरीदे और स्टॉल स्वामी को नगद भुगतान भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पौधा देकर एवं किश-मिश खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने भी गांव की तीन महिलाओं सुश्री विजयमाला, श्रीमती गीता बाई एवं श्रीमती फूलवती बाई को एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने चमन महल परिसर में कदम्ब का पौधा लगाया। इससे पहले मन की बात के 126वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि इस बार त्यौहार सिर्फ स्वदेशी के साथ ही मनाएं।

# बागेश्वर धाम के मंच से पलटी आदिवासी गायक की किस्मत

**● बड़ी कंपनियों से आ रहे ऑफर, एक दिन का चढ़ावा भी मिला**



**भोपाल।** बागेश्वर धाम में आकर गाने वाले एक गरीब आदिवासी सिंगर की किस्मत पलट गई है। गायक अमित धुर्वे ने बागेश्वर धाम में मंच से लोगों को गजल शैली में भजन सुनाया था। भजन सुनकर बाबा बागेश्वर उनके मुरीद हो गए। साथ ही इंटरनेट पर भी उनका वीडियो लोगों को खूब पसंद आया। अब अमित धुर्वे को एक नामी म्यूजिक कंपनी से गाने का ऑफर मिला है। वहीं, बाबा को अमित धुर्वे की गायकी इतना पसंद आया कि उन्होंने एक दिन की चढ़ावे की राशि धुर्वे को सौंप दी। दरअसल, पंडित धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों धाम पर रहकर माता की भक्ति में लीन हैं। नवरात्रि के अवसर पर वे भक्तों को माता की महिमा का बखान सुनाते हैं। वे धाम पर आए भक्तों को आशीर्वाद भी देते हैं। 22 सितंबर को भी हर रोज की तरह बाबा का दरबार सजा हुआ था। हजारों भक्त पंडाल में बैठकर माता की महिमा का अनुसरण कर रहे थे। इसी बीच अमित धुर्वे नाम के एक आदिवासी गायक ने दरबार में भजन की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली थी कि वह कुछ ही घंटों में बहुत प्रसिद्ध हो गए।

# हैदराबाद में भारी बारिश कई कॉलोनियां पानी-पानी

**● 1000 लोगों का रेस्क्यू, महाराष्ट्र के पालघर में बिजली गिरी**

**6 से ज्यादा लोग घायल, मुंबई समेत 4 जिलों में रेड अलर्ट**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। यहां भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। पालघर में देर रात बिजली गिरने की घटना में 6 लोग घायल हो गए। वहीं हैदराबाद में 26 सितंबर को एक दिन में 194.1 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य 38.2 मिमी से 408त्न ज्यादा थी। लगातार बारिश और उस्मान सागर व हिमायत सागर से पानी छोड़े जाने के कारण मूसी नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। आसपास रिहायशी कॉलोनियों में पानी भर गया। 1000 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इधर, पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर क्षेत्र बनेगा, जिससे अगले सात दिन तक दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बारिश होगी। छत्तीसगढ़ में रविवार को 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटों में दुर्ग और बस्तर संभाग के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। वहीं, राजधानी रायपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से कम रहा। इंदौर संभाग के 4 जिले-अलीराजपुर, धार, बड़वानी और खरगोन में रविवार को भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल-जबलपुर में बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

# करूर हादसे में अब हर ओर से मुआवजे का मरहम

**● पीएमओ दो लाख और राज्य सरकार देगी 10 लाख का मुआवजा ● मृतकों के परिजन को 20 लाख, घायलों को 2 लाख देंगे ऐक्टर विजय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में मची भगदड़ ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस हादसे में 40 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हैं। चेन्नई से महज 400 किलोमीटर की दूरी पर स्थित करूर में हुआ यह हादसा सवालों के घेरे में है।

करूर की भगदड़ में 17 महिलाओं समेत 40 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने की आशंका है। यह आंकड़े अभी और भी ज्यादा बढ़ सकते हैं। करूर के जिस मैदान में एक्टर विजय की रैली का आयोजन किया गया था, उसकी क्षमता 10,000 लोगों की है, लेकिन वास्तव में मौके पर 30,000 के लगभग लोग मौजूद थे। टीवीके की रैलियों में भीड़ कम होती है। मगर, इस बार अचानक भीड़ बढ़ी।



**गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट सीएम ने दिए जांच के आदेश**

तमिलनाडु पुलिस ने भगदड़ की जांच के लिए कमिशन का गठन किया है। वहीं, गृह मंत्रालय ने भी तमिलनाडु सरकार से मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में एक्टर विजय और उनकी पार्टी के लोगों से भी पूछताछ हो सकती है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन मामले की जांच के लिए एकत सदस्यीय पैनल का गठन किया है। पीएम मोदी ने 2 लाख और सीएम स्टालिन ने 10 लाख आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं अभिनेता विजय ने 20 लाख की मदद का ऐलान किया है। भगदड़ की परिस्थितियों की जांच के लिए एक आयोग बनाने की घोषणा की है।

"जन्मदिन मुबारक हो,
गुरुजी !



आपके अमूल्य ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।"
"आप सिर्फ एक शिक्षक नहीं, बल्कि हमारे जीवन के मार्गदर्शक हैं।
"ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका जीवन सुख, शांति और सफलता से भरा रहे।

जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई!

# नवरात्रि में हवन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है

## सहज योग में हवन आंतरिक शुद्धि का माध्यम

नवरात्रि में हवन करने का बहुत महत्व है। सामान्यतः हवन करने का उद्देश्य यही होता है कि हवन से शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं। हवन की ज्वाला और हवन कुंड से निकलने वाला धुआं नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करता है और वातावरण को शुद्ध करता है। इसके साथ ही, इसमें इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटियों से कई बीमारियों से बचाव होता है। यही कारण है कि नवरात्रि की अष्टमी और नवमी पर हवन करना बेहद लाभकारी माना जाता है। कहा जाता है कि हवन से समस्त देवी देवता प्रसन्न होते हैं और अच्छे स्वास्थ्य और सभी सुख शांति का आशीर्वाद भक्तों को देते हैं।



सहज योग में हवन प्रक्रिया थोड़ी अलग होती है। सहज योग हमें सिखाता है कि ईश्वर हमारे अंदर है और हमें ध्यान के माध्यम से अपने अंदर सुक्ष्म शरीर में चक्रों पर स्थित ईश्वर की आराधना करनी है, मंत्र और श्लोक के उच्चारण से हम ईश्वर को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। यहाँ हम आंतरिक स्वच्छता को ज्यादा महत्व देते हैं और सद्गुणों को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं।

हम इंसान है और पूर्ण रुप से अंदर से स्वच्छ नहीं हो पाते हैं। कुछ बातों से, किसी के अप्रत्याशित व्यवहार से या समाज और विश्व के अच्छे बुरे मसलों से हम प्रभावित होते हैं। हमारे अंदर कुछ बातें घर कर जाती है जो हमारे रोज के ध्यान धारणा को बाधित करता है। इन सब नकारात्मकता का स्थान हमारी ईड़ा नाड़ी है। ईड़ा नाड़ी चंद्रमा की नाड़ी है और इस नाड़ी को संतुलित करने के लिए हम अग्नि तत्व का इस्तेमाल करते हैं। नवरात्र के अवसर पर सहज योग भी हवन का आयोजन करता है। इसमें हवन कुंड में सामुहिक रुप से साधक अपनी ईड़ा नाड़ी को, अपने हाथों से प्रवाहित हो रहे चैतन्य के माध्यम से, स्वच्छ करते हैं। ईड़ा नाड़ी की नकारात्मकता को एक विशेष विधि से निकालकर हवन कुंड में डाल देते हैं। नकारात्मकता से मुक्त होने का यह एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। यहाँ भी हवन कुंड के धुएं से बाहर का वातावरण शुद्ध होता और अंदर की आत्मिक शुद्धता भी प्राप्त होती है। नवरात्र की सार्थकता को जीवन में उतारने, इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने और ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश पाने हेतु सहज योग से जुड़ें और इसके लिए आप अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# किसानों का पीला सोना सोयाबीन अति वर्षा से हुआ खराब शासन प्रशासन किसानों को दे उचित मुआवजा



महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता और एक किसान ने बताया अति वर्षा के कारण किसानों का पीला सोना सोयाबीन 70% खराब हो चुका है मैं किसानों की पीड़ा पत्रकारों के माध्यम से शासन प्रशासन को बताना चाहता हूं की आप किसानों की सुध लें और सोयाबीन का उचित मुआवजा दिया जाए साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य6000 क्विंटल दिया जाए साथ ही खाद की उचित व्यवस्था की जाए आज सुसायटी और वेयरहाउस पर खाद के लिए लंबी-लंबी कतारे लग रही है किसान भूखा प्यासा सुबह से रात तक नंबर में लगता है और फिर भी नाम मात्र की बोरी मिलती है और शासन प्रशासन इस और सपा ध्यान नहीं दे रहे साथ ही किसानों का जो इफको खाद 12 32 16 वह पिछले साल 1470 रुपए बोरी था जो आज 1850 रुपए बोरी मिल रहा है सीधे 380 बोरी के भाव बढ़ गए हैं और किसानों की फसलों के दाम ना तो प्याज के भाव है ना आलू के भाव है ना लहसुन के भाव है और ना सोयाबीन के भाव है किसान हमारे देश की रीड है और अगर रीड कमजोर रही तो देश कैसे तरक्की करेगा किसानों के बारे में सोचो शासन प्रशासन और किसानों की समस्याओं का निराकरण करें।







खुशबू श्रीवास्तव

# बालदा कालोनी से अन्नपुर्णा मंदिर तक इंदौर में

विशाल समरसता चुनरी यात्रा यात्रा में शामिल हुए एक तू ही जयगुरूदेव सद्गुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब, बाल योगी मौनी यशवर्धन महाराज साहेब, मां साध्वी श्री अनंता देवी अन्य संत यात्रा का आयोजन स्वयं मां भगवती , जयंत चौहान ने चुनरी यात्रा में अनगिनत महिला बच्चे और बड़े सभी ने बढ़ कर हिस्सा लिया पावन दास महाराज,विपिन पाल आदि भक्तों(

# एमएलसी के संग पार्षद ने किया कन्या पूजन लगे जयकारे



कानपुर के बर्रा वार्ड 77 पार्षद डा अखिलेश बाजपेई के द्वारा नवरात्रि के मौके पर नौ देवी नौ उद्घाटन का शुभारंभ बर्रा 2 के शिवाजी पार्क में एमएलसी अरुण पाठक के संग किया गया। एमएलसी अरुण पाठक ने पार्षद अखिलेश बाजपेई के नौ देवी नौ उद्घाटन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सोचने मात्र से ही हृदय में नई ऊर्जा भर जाती है। जिसे पार्षद अखिलेश बाजपेई ने सकारात्मक रूप से कर दिखाया है। श्री पाठक ने पार्षद अखिलेश बाजपेई के द्वारा चलाई जा रही मुहिम की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि जब भी वार्ड 77 और पार्षद



श्री बाजपेई को आवश्यकता होगी वह तत्पर उपलब्ध होगे। इस मौके पर आयोजक पार्षद डा अखिलेश बाजपेई ने बताया की संपूर्ण वार्ड का विकास के लिए समर्पित भावना से निरंतर कार्य कर रहे हैं। कन्या पूजन एवं कार्यों का पूजन क्षेत्र के वरिष्ठजनों के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोचारण कर पुरोहितों ने भूमि पूजन के उपरांत सभी देवी स्वरूप कन्याओं को वरिष्ठजनों के द्वारा उपहार दक्षिणा चुनरी सहित अन्य वस्तुएं भेट कराए । इस मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार अवस्थी संतोष मिश्रा महेश सचान राजेंद्र यादव अमरजीत यादव सी एल मौर्या हरीश कालरा बर्रा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह परिहार दुर्गेश त्रिपाठी सुधीर मिश्रा शिवम् मिश्रा दिलीप त्रिपाठी पप्पू सेंगर राम चंद्र तिवारी राहुल बाजपेई विपिन त्रिवेदी पवन तिवारी अनिल अग्निहोत्री राजन पांडेय कृष्णमोहन अवस्थी मनोज सिंह दर्पण राजेश द्विवेदी मुनीश पाल मनीष मिश्रा शैलेन्द्र त्रिपाठी जी एस त्रिवेदी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कविता-ः आशीर्वाद

नव दिवस नव रात्रि माँ तु मुझे प्यार दे,
तन मन से करूँ नमन,माँ तु मुझे वरदान दे!

नहीं है ऐसा चित्त,जान पाऊ मै साहित्य,
ज्ञान दे,विवेक दे,लेखनी को मेरी प्रसाद दे,

तन मन से करूँ नमन माँ तु मुझे वरदान दे!
मन मे है अंधेरा घना,सुझता कुछ नहीं यहाँ,

प्रभाकर की रश्मि बन मुझे तु नया उजास दे!
तन मन से करूँ नमन माँ तु मुझे वरदान दे!

आज नैतिकता रोती,उर मे दानवता सोती,
बन जा विद्युत,रक्त मे ऊर्जा का संचार दे !

तन मन से करूँ नमन माँ तु मुझे वरदान दे!
न्याय की बेदी पर बैठ किया मैने अन्याय सदा,

सत्य का साथ देता रहूँ,ऐसा मुझे संस्कार दे,
तन मन से करूँ नमन,माँ तु मुझे ,वरदान दे!

मदमस्त हुआ ऐसे मैं तेरी वन्दना को ही भुला,
दे ऐसी सजा मुझे,राह से नहीं भट्कु कभी,

हाथ रख शीश पर,मन से अधर्म तु निकाल दे!
नव दिवस नव रात्रि माँ तु मुझे प्यार दे!



द्वारा:- विपिन जैन "श्रीजैन"

# ध्वनि पदुषण



देश में ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बड़े शहरों में निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके बावजूद करोड़ों लोग अब भी ध्वनि प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। इसका कारण पर्यावरण को लेकर शासन-प्रशासन का उदासीन रवैया और राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से वर्ष 2011 में शुरू की गई 'नेशनल एंबिएंट नाइज मानिटरिंग नेटवर्क' (एनएएनएमएन) योजना का उद्देश्य शुरुआत में देश के सात प्रमुख महानगरों में सत्तर यांत्रिक तंत्र स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण की वास्तविक समय में निगरानी करना था, ताकि आंकड़ों के आधार पर उचित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके। मगर धरातल पर इस योजना का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।

इस योजना की शुरुआत देश के सात शहरों में पैंतीस 'रियल-टाइम मानिटरिंग स्टेशनों' के साथ हुई थी। योजना के दूसरे और तीसरे चरण में इसका विस्तार क्रमशः पैंतीस नए केंद्रों के साथ करने की बात कही गई थी, लेकिन वर्ष 2021-23 तक यह तंत्र केवल आठ शहरों तक ही पहुंच पाया। जिनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ और बंगलुरु भी शामिल हैं।

हालांकि, इसमें भी जमीनी हकीकत काफी अलग है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जैसे शहरों में यह प्रणाली एक निष्क्रिय 'डैशबोर्ड' तक सीमित रह गई, जहां न तो ध्वनि प्रदूषण के आंकड़े वास्तविक समय में दर्ज हो रहे हैं, न आम नागरिकों को इसकी जानकारी है। न ही कोई ठोस नीतिगत कार्रवाई सामने आई है। जिन केंद्रों पर यह तंत्र ठीक से काम कर रहा है, वहां आंकड़ों का अध्ययन करने और उसके आधार पर नीति बनाने की पहल भी कम ही नजर आती है। इस योजना के तहत तीन प्रमुख शांत क्षेत्रों में दर्ज ध्वनि स्तर दिन में 65-70 डेसिबल (ए) तक पहुंच गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से निर्धारित सीमा 40-50 डेसिबल (ए) है। यानी यह तंत्र अपने मूल उद्देश्य और नीतिगत हस्तक्षेप की नींव तैयार करने में विफल रहा है।

भारत में ध्वनि प्रदूषण एक अदृश्य संकट के रूप में लगातार गहरा रहा है, जो न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि जैव विविधता को भी प्रभावित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, देश के प्रमुख महानगरों में दिन के समय ध्वनि स्तर औसतन 65-75 डेसिबल (ए) तक पहुंच जाता है। जबकि रात में यह स्तर 55-65 डेसिबल (ए) तक बना रहता है, जो नींद, तनाव और हृदय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। 'लांसेट' के एक अध्ययन में पाया गया है कि लगातार उच्च ध्वनि स्तर के बीच रहने से हृदय रोग का जोखिम बीस फीसद तक बढ़ जाता है। तब नींद की गुणवत्ता में तीस फीसद तक गिरावट आती है। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लगभग चालीस करोड़ लोग प्रतिदिन सीमा से अधिक शोर के संपर्क में आते हैं।

भारतीय वन्यजीव संस्थान के एक शोध के मुताबिक, सामान्य मैना जैसे पक्षी शहरी शोर के कारण रात में बार-बार जागते हैं, जिससे उनके प्रजनन व्यवहार और सामाजिक संचार पर असर पड़ता है। उनके स्वरों की विशेषता कम हो जाती है, जिससे उनकी पहचान और जोड़ी बनाने की क्षमता प्रभावित होती है। नीतिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत बना ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2000 मौजूद है, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। ध्वनि प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है, जिसे तत्काल नीति, निगरानी और जन-जागरूकता से जोड़ना आवश्यक है।

पर्यावरण मंत्रालय ने इस योजना को शहरों में ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए एक निर्णायक कदम बताया था, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि केवल ध्वनि प्रदूषण के आंकड़ों के संकलन का क्या फायदा है, अगर वह जन-जागरूकता और नीति निर्माण में तब्दील न हो। जब निगरानी केवल दर्ज करने तक सीमित रह जाए और कार्रवाई अनुपस्थित हो, तो साफ है कि यह तंत्र शोर की गूंज को तो दर्ज करता है, लेकिन समाधान की दिशा में मौन साध लेता है। शहरी ध्वनि प्रदूषण पर सरकारी निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय 'डैशबोर्ड' तक सीमित रह जाता है, जबकि वास्तविक हस्तक्षेप की जरूरत जमीन पर है। यूरोप में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण लाखों लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, जिससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और नींद संबंधी विकार बढ़ रहे हैं।

हाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पुणे पीठ ने 'साइलेंस जोन' में लाउडस्पीकर और सार्वजनिक उद्घोष प्रणालियों के उपयोग पर रोक लगाई थी। अधिकरण ने पुलिस और राज्य सरकार को निर्देशित किया कि शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और न्यायालयों के आसपास के क्षेत्रों में 'साइलेंस जोन' की पहचान और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी पृष्ठभूमि में नवाचारों का महत्व और बढ़ जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित और डीपीआइआइटी में पंजीकृत नवउद्यम 'वाईहाक' पारंपरिक निगरानी से अलग एक नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाता है। इसने एक आइओटी हार्डवेयर विकसित किया है, जिसे अभी तक छह शहरों में वाहनों के हार्न सर्किट में स्थापित किया जा चुका है।

यह उपकरण वास्तविक समय में हार्न बजाने की समय-सीमा, स्थान, अवधि, स्वरूप (लघु, दीर्घ, बहु-हार्न) और वाहन की गति जैसे आंकड़ों के साथ-साथ चालक की आयु, शिक्षा, अनुभव और हार्न की डेसिबल क्षमता जैसे आंकड़े भी दर्ज करता है। जून, 2022 से अब तक आइओटी ने सरकार और निजी संस्थाओं के साथ मिल कर नौ परियोजनाएं पूरी की हैं, जिनमें सौ से अधिक वाहनों से बत्तीस लाख से अधिक आंकड़े एकत्र किए गए हैं।

जब सरकारी तंत्र अपारदर्शी बना रहता है, तब नवउद्यम 'वाईहाक' वाहनों के शोर को दर्ज करता है, इससे न केवल नीति निर्माण को दिशा मिलती है, बल्कि यह व्यवहार परिवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी एक ठोस आधार तैयार करता है। भारत के शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण दशकों से निर्धारित मानकों से ऊपर बना हुआ है, जो नागरिकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। यह केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है; शहरी शोर पक्षियों की नींद और प्रजनन व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन बाधित हो रहा है।

यह चुनौती सीधे सतत विकास लक्ष्यों, विशेषकर स्वास्थ्य और सुरक्षित शहरों से जुड़ी है। वर्तमान निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय या अपारदर्शी बने रहते हैं। अगर कहीं निगरानी तंत्र सक्रिय भी है, तो उसके आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इसलिए आवश्यक है कि तकनीकी नवाचारों को प्रभावी नीति हस्तक्षेप, शहरी नियोजन सुधार और सामुदायिक जागरूकता के साथ जोड़ा जाए, ताकि शहरी जीवन को प्रदूषण के दबाव से छुटकारा मिल सके और विकास लक्ष्यों को पर्यावरण के अनुकूल ठोस और सही दिशा मिल सके।

# सीतलामाता बाजार विवाद में बवाल दिग्विजय सिंह पर चूड़ियां फेंकी गई

## पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई, इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स तैनात किया

**इंदौर।** सीतलामाता बाजार में मुस्लिम सेल्समैन न रखने को लेकर मचे विवाद ने शनिवार को नया मोड़ ले लिया। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह जैसे ही सराफा थाने पहुंचे, वहां पहले से मौजूद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध करते हुए उन पर चूड़ियां फेंकी। हालात बिगड़ने की आशंका में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स को इलाके में तैनात करना पड़ा।

बाजार की दुकानों पर भगवा झंडे और बैनर लगा दिए गए। व्यापारी गले में केसरिया पट्टा पहनकर दिग्विजय सिंह का विरोध कर रहे थे। कई महिलाएं भी



हाथों में चूड़ियां लेकर प्रदर्शन में शामिल हुईं। मामले की शुरुआत भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य गौड़ के फरमान से हुई,जिसमें उन्होंने सीतलामाता बाजार की दुकानों से मुस्लिम सेल्समैन और भागीदारों को हटाने की बात कही थी। इसे %लव जिहाद रोकने की कवायद% बताया गया। इसके बाद कई दुकानदारों ने मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। इस पर मुस्लिम समाज ने नाराजगी जताते हुए बाजार का बहिष्कार करने की अपील की। कांग्रेस नेताओं ने इसे शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश करार देते हुए एकलव्य गौड़ पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और अन्य नेता शुक्रवार शाम संभागायुक्त से मिले और कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई।दिग्विजय सिंह को रोका गया

जैसे ही दिग्विजय सिंह कपड़ा बाजार की ओर बढ़े, पुलिस ने उन्हें रोककर सराफा थाने भेज दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने %दिग्विजय सिंह वापस जाओ% के नारे लगाए और उनकी गाड़ी पर चूड़ियां फेंकीं। व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर भगवा रंग चढ़ाते हुए %जिहादी मानसिकता के समर्थक यहां न आएं% जैसे पोस्टर लगाए। इससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

# इंदौर के बंगाली क्लब में लगे नॉनवेज के स्टॉल, हिन्दू जागरण मंच के विरोध के बाद हटाए

इंदौर। नवलखा क्षेत्र में स्थित बंगाली क्लब के दुर्गा पूजा आयोजन के दौरान हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता नॉनवेज स्टॉलों का विरोध करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में लोग उपवास करते हैं। मांस से दूर रहते हैं, लेकिन दुर्गा उत्सव में नॉनवेज के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं। जब विरोध बढ़ने लगा तो आयोजकों ने स्टॉल हटा दिए। आयोजकों का था कि बंगाली समाज की परंपरा के अनुसार नॉनवेज भोजन वर्जित नहीं रहता है, जबकि मंच के पदाधिकारियों का कहना था कि क्लब परिसर में हनुमान व अन्य मंदिर हैं। उनकी पवित्रता का ध्यान रखने हुए नॉनवेज के स्टॉल हटा लिए जाएं। आयोजक इसके लिए तैयार हो गए। हिंदू जागरण मंच के सुमित हार्डिया ने कहा कि हमारी आस्था के साथ बंगाली क्लब द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा था। नवदुर्गा उत्सव के 9 दिन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मांस, मछली, मदिरा सेवन प्रतिबंध रहता है। फिर भी बंगाली क्लब द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में नवरात्रि महोत्सव के गरबा पांडाल में मांस मछली को स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा था।

**बंगाली परंपरा में नॉनवेज शामिल** – बंगाली क्लब के अध्यक्ष जेएन चौधरी ने कहा कि नवदुर्गा उत्सव के दौरान परिसर में फूड फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। धुनूची नृत्य, आरती और सिंदूर खेला का आयोजन होता है। इसके साथ बंगाली परंपरा के अनुसार व्यंजन बनाए जाते हैं, जिसमें नॉनवेज भी शामिल है। हर साल यह व्यंजन बनाए जाते हैं। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है। फूड फेस्टिवल समाप्त होने के कारण स्टॉल हमने हटा लिए हैं।

## भू माफिया चिराग शाह को मिली एक माह के लिए विदेश जाने की अनुमति

**इन्दौर।** धोखाधड़ी के आरोपी भू माफिया चिराग शाह पिता विपिन शाह निवासी पत्रकार कॉलोनी को कोर्ट ने एक माह के लिए विदेश जाने की अनुमति दे दी है। उसने ट्रायल कोर्ट में अवेदन देकर यह कहते हुए अनुमति मांगी थी कि उसकी बहू जो अमेरिका में सेटल है, को इसी माह गत दिनों पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। उससे मिलने जाने के लिए उसे 25 अक्तूबर से 25 नवंबर तक एक माह की अनुमति दी जाए। ट्रायल कोर्ट द्वारा अवेदन निरस्त कर दिया गया था। इसके विरुद्ध उसने रिवीजन लगाई। अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश शर्मा की कोर्ट ने इसे स्वीकार कर आरोपी चिराग को यह अनुमति दे दी। उसके खिलाफ बाणगंगा थाने में कालिंदी गोल्ड में प्लाटो की धोखाधड़ी के केस दर्ज है।

# 37 भारी वाहन पर नो एंट्री तोड़ने की कार्रवाई

**इंदौर।** शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार सड़कों पर निगरानी रख रही है। इसके बावजूद कुछ भारी वाहन चालक नो एंट्री नियमों की अनदेखी कर प्रतिबंधित मार्गों से गुजर रहे थे।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 27 सितंबर की सुबह से 28 सितंबर की सुबह तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 37 भारी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही चालकों को चेतावनी दी गई कि आदेशों की फिर से अवहेलना करने पर और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित समय का पालन करने और प्रतिबंधित मार्गों का उपयोग न करने की अपील करते हुए शहर के यातायात प्रबंधन में सहयोग की समझाइश दी।

# गरबे में घुसा मोहम्मद हामिद, उसे पहचान कर पीटा, पुलिस पूछताछ

**इंदौर** पूरे देश में नवरात्रि के टाइम गरबा महोत्सव चल रहा है। जिसमें हिंदू और सनातनी लोग डांडिया खेल रहे हैं। इसमें मुस्लिम युवकों के प्रवेश को लेकर घमासान मचा हुआ है। मध्य प्रदेश में कई जगहों पर हिंदू संगठनों ने गरबा में एंट्री के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य किया है, इसके बावजूद इंदौर में एक मुस्लिम युवक गरबा में घुस गया।



पूरा मामला खजराना थाना क्षेत्र का है। यहां पर गरबा महोत्सव में एक राहुल नाम का युवक घुसा था। एक युवती अपने मित्र के साथ डांस कर रही थी तो राहुल उसे बार-बार देख रहा था। शक होने पर लोगों ने उसका आधार चेक किया। तो उसकी असली पहचान मोहम्मद हामिद रजा के रूप में हुई। फिर क्या था जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे रंगे हाथ पकड़ा तो जमकर पिटाई कर दी। मौके पर खूब हंगामा हुआ।

उधर किसी ने इस बात की सूचना खजराना थाने को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। बजरंग दल कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक का मकसद क्या था। बता दें कि ऐसे कई मुस्लिम युवक अपना नाम बदलकर और पहचान छिपाकर गरबा में घुस जाते हैं। हिंदू संगठनों का कहना है कि ये मुस्लिम युवक लव जिहाद के मकसद से हिंदू आयोजनों में घुसते हैं और हिंदू लड़कियों को टारगेट करते हैं।

# 4 जिलों में तेज बारिश...तवा डैम के 5 गेट खुले

## भोपाल-जबलपुर में बूंदा-बांदी, बड़वानी के सेंधवा में खेतों में पानी भरा, कच्चा मकान ढहा

**भोपाल (नप्र)।** इंदौर संभाग के 4 जिलों आलीराजपुर, धार, बड़वानी और खरगोन में रविवार को भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल-जबलपुर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई है। तवा डैम के 5 गेट खोले गए हैं। रविवार सुबह धार के मनावर और बड़वानी के सेंधवा में पानी गिरा। सेंधवा में तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे मक्के की फसल को नुकसान पहुंचा है। यहां एक कच्चा मकान भी गिर गया। इधर, शनिवार को उज्जैन जिले से भी मानसून विदा हो गया। इसे मिलाकर प्रदेश के 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है। इनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम भी शामिल हैं। राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्से से मानसून विदा हुआ है।



### भोपाल में 37 किमी प्रतिघंटा से चली आंधी

भोपाल में रात में 37 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। सबसे ज्यादा रफ्तार जबलपुर में 56 किमी प्रतिघंटा रही। इसी तरह बड़वानी में 52 किमी, सीहोर में 50 किमी, इंदौर में 46 किमी, आगर-मालवा में 44 किमी, शाजापुर में 41 किमी, शिवपुरी, सागर-नरसिंहपुर में 39 किमी, गुना में 33 किमी और बैतूल में 31 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई।

### भोपाल-जबलपुर समेत 50 जिलों में बारिश

पिछले 24 घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत 50 से अधिक जिलों में बारिश हुई। मुरैना, दतिया, निवाड़ी और नीमच में ही बारिश का दौर नहीं रहा। दूसरी ओर हरदा, नर्मदापुरम और खरगोन में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, सिवनी में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश हो गई। बैतूल में 1.9 इंच, नर्मदापुरम-खंडवा में 1.7 इंच, खरगोन-सागर में 1-1 इंच पानी गिरा। भोपाल में शनिवार देर रात तक तेज बारिश का दौर जारी रहा। पौन इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राजगढ़, बड़वानी, उमरिया, नरसिंहपुर, दमोह, रायसेन, बालाघाट, रतलाम, छतरपुर, छिंदवाड़ा, गुना, मंडला, श्योपुर, टीकमगढ़, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर, रीवा, सतना समेत कई जिले भीग गए। प्रदेश के बाकी हिस्से में भी बूंदाबांदी का दौर रहा, लेकिन इतनी बारिश नहीं हुई कि रिकॉर्ड में आए।

# दिवाली से पर्यटन को नई उड़ान

## 2 से 3 हजार में खजुराहो-बांधवगढ़ घूम सकेंगे



भोपाल (नप्र)। जल्द ही मप्र आने वाले देशी-विदेशी सैलानी उज्जैन के महाकाल, बांधवगढ़ के टाइगर रिजर्व और खजुराहो की ऐतिहासिक धरोहरों तक हेलीकॉप्टर से पहुंच सकेंगे। वह भी सिर्फ 2 से 3 हजार रुपए खर्च कर। शुरुआत भोपाल-इंदौर के पर्यटन स्थलों से होगी। इससे प्रदेश के 50 से अधिक पर्यटन स्थल 4 बड़े शहरों से जुड़ेंगे। 6 से 12 सीटर हेलीकॉप्टर होंगे और यह 100 से 250 किमी की दूरी तय करेंगे। पर्यटन विभाग निजी संचालकों से आए टेंडरों को अंतिम रूप देने में जुटा है। लक्ष्य है कि दिवाली तक यह सेवा शुरू हो जाए। हाल ही में मोहन कैबिनेट ने पीपीपी मोड पर हेलीकॉप्टर सेवा संचालन को मंजूरी दी है। चुने हुए निजी ऑपरेटर खुद ऑनलाइन बुकिंग और बाकी सुविधाएं मुहैया कराएंगे।

### पहला चरण; भोपाल-इंदौर के पर्यटन स्थल

**सेक्टर-1-** भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, जबलपुर।

**सेक्टर-2-** भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो, ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़, जबलपुर।

**सेक्टर-3-** जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसुली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल, इंदौर।

**निवेशकों और सैलानियों दोनों को जोड़ेगी सेवा-** पर्यटकों के अलावा यात्रियों, व्यवसायियों और निवेशकों को भी इस सेवा से जोड़ने की योजना है। पूरे प्रदेश में हवाई अड्डों, हेलीपेड और हवाई प?ट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चुने जाने वाले स्थानों पर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी।

# बुधनी में हादसा-नर्मदा में डूबे 3 दोस्त, एक को बचाया, 2 लापता

## सलकनपुर दर्शन के लिए जा रहे थे, बीच में नहाने के लिए रुके थे



**सीहोर।** सीहोर जिले के बुधनी में रविवार सुबह नर्मदा घाट पर नहा रहे तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो युवक लापता हो गए। पुलिस और गोताखोरों की मदद से लापता दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। यह घटना तब हुई जब तीनों युवक माता के दर्शन के लिए सलकनपुर देवी धाम जा रहे थे। रास्ते में नर्मदा घाट पर स्नान करने के लिए रुक गए थे।

**दीवानगंज के रहने वाले हैं युवक-** हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लगातार बारिश के बावजूद लापता युवकों की खोजबीन की जा रही है।

# गुरदास मान का भोपाल में जलवा

## पंजाबी रंग में डूबा लाइव शो, रविंद्र भवन में झूमे लोग

भोपाल (नप्र)। पंजाबी संगीत के लिविंग लीजेंड गुरदास मान ने रविन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में अपने गीतों से ऐसा रंग जमाया कि दर्शक देर तक झूमते रहे। मंच पर तबला, ढोलक, गिटार और की-बोर्ड पर सजे सभी आर्टिस्ट श्री पीस सूट में थे, मगर गुरदास मान अपने आइकॉनिक पंजाबी अंदाज में धोती-कुर्ता और जरदोजी की कशीदाकारी जैकेट में नजर आए। कंसर्ट की शुरुआत उन्होंने पंजाबी में गणपति, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और मां पार्वती को याद कर की। फिर हिंदी प्रदेश की सराहना में सागर निजामी की गजल कुछ लोग जमाने में ऐसे भी तो होते हैं गाकर माहौल भावुक कर दिया। बच्चों के बीच उतरकर उन्होंने मासूमियत पर लाइन पढ़ी निक्कर ना पजामा ना कोई पतलून, ये नहीं-नहीं दुनिया में है कितना सुकून।



इसके बाद उन्होंने अपने हिट गानों की झड़ी लगाई। वे सजना में जुदाई का दर्द सुनाया तो मामला गड़बड़ है पर पूरा हॉल थिरक उठा। अंत में ये देश है वीर जवानों का गाकर देशभक्ति का जोश भर दिया। मान की आवाज और अंदाज ने भोपाल को एक यादगार संगीत संध्या दी।

# विकसित भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत कदम है स्वदेशी अभियान : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा लखेरापुरा में व्यवसायियों के बीच पहुंचे

भोपाल (नप्र)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस समय नवरात्रि चल रही है, दशहरा और दीपावली आने वाली है, हम सब का दायित्व है कि स्वदेशी अपनाएं और भारत को समृद्ध बनाएं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने यह बात रविवार को भोपाल के लखेरापुरा मार्केट के दुकानदारों के बीच जाकर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 में हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए और हमारा भारत देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो।

**दुकानदारों को दिलाया स्वदेशी का संकल्प-** उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी संकल्प पत्र स्वयं भरा और दुकानदारों एवं ग्राहकों से भी अपील की कि वे भी स्वदेशी सामग्री क्रय-विक्रय का संकल्प लें। श्री देवड़ा ने उपस्थित दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को सामूहिक रूप से स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई।




**घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार-** उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने लखेरापुरा मार्केट में स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत स्थानीय व्यापारी बंधुओ से भेंट कर उन्हें अभियान के संबंध में जानकारी दी और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राहकों को भी जागरूक कर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने वालों को प्रोत्साहित किया। स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत श्री देवड़ा ने कहा कि घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार हम सभी स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों पर गर्व करें। श्री देवड़ा ने लखेरापुरा मार्केट में दौरा कर दुकानों में स्वदेशी अपनाओं के स्लोगन लिखे पोस्टर चिपकाए और अपने विचार साझा किए।

# मऊगंज में किसान की कॉलर पकड़ने वाले तहसीलदार सस्पेंड

## कहा था- बकवास मत करना; सीएम के निर्देश पर रीवा कमिश्नर का एक्शन

भोपाल (नप्र)। मऊगंज में किसान की कॉलर पकड़ने वाले तहसीलदार बीके पटेल को रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया है। मामले के संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

घटना 25 सितंबर को उप तहसील देवतालाब के गनिगमा गांव की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया था।कलेक्टर संजय कुमार ने कहा-तहसीलदार बीके पटेल ने जवाब दिया है कि वहां लोगों ने लोहे की सब्बल निकालकर धमकाया। मारपीट की नीयत से दौड़े। ऐसी स्थिति में पटेल ने बचाव के लिए किसानों के खिलाफ कार्रवाई की ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकी जा सके।

कलेक्टर ने बताया कि मामले की जांच अतिरिक्त जिलाधिकारी यानी एडीएम को सौंपी गई है। एडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे रविवार तक रिपोर्ट पेश करें।



**तहसीलदार बोले थे- वीडियो एडिट किया गया-** मामले पर सफाई देते हुए तहसीलदार बीके पटेल ने बताया था कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा वीडियो भ्रामक है, जिसे गलत तरीके से एडिट कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा था कि प्रकरण सिविल न्यायालय का था और प्रशासन को न्यायालय के आदेश का पालन करना अनिवार्य था।

**दो परिवारों के बीच था जमीन का विवाद-** दरअसल, गनिगमा गांव में दो प्रजापति परिवारों के बीच जमीन का विवाद था। कोर्ट के फैसले के बाद प्रशासन जीतने वाले पक्षकार को कब्जा दिलाने पहुंचा था। इसी दौरान तहसीलदार वीरेंद्र पटेल बेकाबू हो गए और उन्होंने गांव के किसान सुषमेश पांडे की कॉलर पकड़कर झुमाझटकी की। कहा- कौन है तू? बकवास मत करना।वहीं, एक और किसान कौशलेश प्रजापति ने भी तहसीलदार पर गाली देने का आरोप लगाया था।

**नायब तहसीलदार बोले- विपक्षी पक्ष ने बाधा डाली-** मौके पर देवतालाब के नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा था कि तहसीलदार को भ्रम हो गया था इसलिए यह स्थिति बनी।

नायब तहसीलदार उमाकांत मिश्रा ने कहा था- 25 सितंबर को सिविल कोर्ट के आदेश का पालन करने गनिगमा गांव गए थे। दो प्रजापति परिवारों के बीच कब्जा दिलाने की कार्रवाई होनी थी। तहसीलदार मऊगंज बीके पटेल के साथ थाना लौर के टीआई और सिविल कोर्ट के नाजिर भी मौजूद थे।

# रेलकर्मी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

## हादसे के समय ऑन ड्यूटी था, ट्रेन से उतरते समय हुआ हादसा

भोपाल (नप्र)। सूखीसेवनिया के भदभदा स्टेशन पर रेलकर्मी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय से ड्यूटी पर था, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रविवार की दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एसआई सीएल यादव के मुताबिक अवधेश साहू पुत्र दुबेलाल साहू (40) निवासी गली नंबर पांच द्वारका नगर बजरिया में रहता था और रेलवे में की मेन के पद पर कार्यरत था। साथी के साथ भदभदा स्टेशन रविवार की सुबह पहुंचा था। यहां उसे ट्रैक चेक करना था, ट्रेन से उतरते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**चार बेटियों का पिता था-** मृतक चार बेटियों का पिता था, हादसे के समय ट्रेन की गति धीमी थी। इसी दौरान उसने और साथी ने ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। साथी उतर गया, लेकिन अवधेश का ट्रेन से उतरते समय बैलेंस बिगड़ गया। जिससे वे ट्रेन की चपेट में गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद बॉडी को पीएम के लिए रवाना किया।



# रणजीत टाइम्स
## विशेष मुलाकात

इंदौर। भांवरकुआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव से रणजीत टाइम्स की वरिष्ठ पत्रकार रेणु कैथवास जी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मां अहिल्या देवी जी की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान थाना क्षेत्र में हो रही गतिविधियों, जनसुरक्षा और नागरिक सुविधा से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा हुई। बातचीत में यह सहमति बनी कि पुलिस-प्रशासन और मीडिया मिलकर समाज में जागरूकता और सुरक्षा का भाव और मजबूत करेंगे। रेणु कैथवास जी ने कहा कि रणजीत टाइम्स सदैव जनसरोकार की ख़बरों को प्रमुखता से उठाता रहा है और भविष्य में भी पुलिस विभाग की सकारात्मक पहल को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

# देवास नगरी आज भी आस्था और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक

यहाँ तीनों माताएँ – माँ चामुंडा, माँ तुलजा भवानी और माँ कालिका – पर्वत शिखरों पर विराजमान हैं। यही कारण है कि इस नगर का नाम पड़ा देवास, अर्थात् देवों का वास।



**राजेश धाकड़**

देवास की माताएँ केवल नगर की आराध्य नहीं, बल्कि करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। मान्यता है कि यहाँ जो भी सच्चे मन से माँ के दरबार में आता है, उसकी मनोकामनाएँ अवश्य पूर्ण होती हैं।

विशेष परंपराएँ और मान्यताएँ- देवास माता के मंदिर में कई चमत्कारी परंपराएँ प्रचलित हैं। जिन दंपतियों को संतान नहीं होती, वे माता के मुख में पाँच पान का बीड़ा अर्पित करते हैं। मान्यता है कि यह बीड़ा स्त्री की झोली में गिरता है और संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है।

यहाँ उल्टे स्वास्तिक बनाए जाते हैं और जब मन्नत पूरी हो जाती है, तो भक्तजन स्वास्तिक को सीधे कर आभार व्यक्त करते हैं।

माँ दिन में तीन स्वरूप धारण करती हैं – प्रातः बाल्यावस्था, दोपहर में युवा अवस्था और सायंकाल वृद्धा अवस्था। भक्तजन यहाँ खाली झोली लेकर आते हैं और जाते समय भरी हुई झोली लेकर लौटते हैं।

नवरात्रि का अलौकिक माहौल- हर साल नवरात्रि में यहाँ का वातावरण अद्भुत और भक्ति से परिपूर्ण हो उठता है। घंटियों की गूंज, ढोल-नगाड़ों की थाप और लाखों श्रद्धालुओं की जयकारे पूरे शहर को माँ की भक्ति में सराबोर कर देते हैं। इस समय देवास का पर्वतमाला क्षेत्र दीपमालिका और सजावट से अलौकिक प्रतीत होता है।

ऐतिहासिक महत्व- देवास का इतिहास भी उतना ही अनोखा है। कहा जाता है कि यह देश का पहला ऐसा नगर है जहाँ एक साथ दो राजाओं ने शासन किया। यहीं से देवास की पहचान सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से और भी समृद्ध हुई।

आस्था का केंद्र- आज भी श्रद्धालु मानते हैं कि देवास माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। यही कारण है कि माँ का यह धाम न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे भारतवर्ष में आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# अष्टभुजा दुर्गा की शक्ति का प्रतिरूप हैं स्त्री

प्राय : जिस रूप में जीव का इस संसार में प्रकटीकरण होता है वही उसका मूल स्वभाव होता है। प्रकृति में प्रत्येक तत्व, पदार्थ, पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपने मूल स्वभाव के अनुसार ही कार्य करते हैं। करोड़ों वर्षो की उत्क्रांति के बाद मनुष्य अपनी विशिष्टता में स्थापित हुआ है।

मानव रूप में परमात्मा ने प्रकृति के वाम पक्ष को स्त्री के रूप में व दांए पक्ष को पुरुष के रूप में विशिष्टता प्रदान की है। इस प्रकृति में हम स्त्री - पुरुष इस स्थिति में है कि यदि आगे बढ़ें तो देवत्व को प्राप्त कर सकते हैं और पीछे चलें तो पुनः निकृष्ट जीव की स्थिति में पहुंच सकते हैं। मनुष्य में भी स्त्री को सृष्टा ने अष्टभुजा दुर्गा की शक्तियां प्रदान की हैं। स्त्री का कार्य इसीलिए पुरुष की



तुलना में विशिष्ट होता है वह स्वयं के साथ-साथ पुरुष का भी निर्माण करती है। निर्माण ही उसकी शक्ति है व उत्क्रांति का मार्ग भी है। निर्माता का हृदय विशाल होता है, उसकी सोच के दायरे संकुचित नहीं होते तभी तो वह दूसरों के लिए निर्माण कर पाता है।

श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस संदर्भ में अपने विचारों को अपनी अमृतवाणी में इस प्रकार प्रकट किया है कि-

"......मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं एक स्त्री हूं, क्योंकि स्त्रियां अनेक कार्य कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर सकते। स्त्री भूमि मां के समान है, सो हम कह सकते हैं कि पुरुष सूर्य के समान है। दोनों को जुड़ना है। सूर्य को हटाया जा सकता है पर पृथ्वी को नहीं। रात के समय सूर्य नहीं होता पर फिर भी हम रहते हैं।

परंतु भूमि माता को देखिए, उसे कितना कुछ सहन करना पड़ता है। देखिए वह कितनी समझदार है। वह बिना किसी शिकायत के सुंदर फूल, सुंदर पेड़ सब कुछ हमारे लिए बनाती है और तो और वह हमारा पोषण करती है। जबकि हम उसके विरोध में कितने सारे पाप करते हैं। पर सूर्य पृथ्वी नहीं बनना चाहता और पृथ्वी सूर्य नहीं बनना चाहती। वे जानते हैं कि वे विशेष कार्य के लिए स्थित है....।"

**(1988, इनट्यूशन एंड विमेन, पेरिस)**

अतः अपनी विशिष्टता में स्थापित होने के लिए यह आत्म ज्ञान आवश्यक है कि आपको विशेष कार्यों के लिए निर्मित किया गया है आप विशिष्ट हैं अतः आपको किसी और का अंधानुकरण करने की आवश्यकता नहीं है। दुर्गा पूजा के इस शुभ अवसर पर अपने देवत्व को प्राप्त करने हेतु श्री माताजी के सानिध्य में अपना आत्मसाक्षात्कार अवश्य प्राप्त करें। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

## दिल्ली पुलिस ने भारत मंडपम के पास 1 करोड़ के गहनों की लूट में 3 लोगों को दबोचा, माल भी बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने भारत मंडपम के पास 24 सितंबर को हुई 1 करोड़ रुपये के गहनों की लूटपाट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान भी बरामदगी कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।




जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली के भारत मंडपम के पास बाइक सवार बदमाशों ने अपने स्कूटर पर लगभग 1 करोड़ रुपये के आभूषण लेकर जा रहे एक व्यक्ति को बंदूक की नोक पर लूट लिया था। पुलिस ने बताया था कि उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर उस समय हुई जब पीड़ित आभूषणों को लेकर भैरों मंदिर के पास अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार लुटेरे उनसे 500 ग्राम सोना और 35 किलोग्राम चांदी लूटकर फरार हो गए थे।

पीड़ितों की पहचान शिवम कुमार यादव (28) और उसके साथी राघव (55) के रूप में हुई थी, जो चांदनी चौक से स्कूटर पर भैरों मंदिर की ओर जा रहे थे। जब वे मंदिर पार्किंग क्षेत्र के पास पहुंचे तो बाइक सवार दो हमलावरों ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया। बंदूक की नोंक पर, लुटेरों ने चांदी से भरा एक बैग और सोने-चांदी के सामान से भरा एक और बैग छीन लिया और फिर मौके से फरार हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कॉल करने वाला व्यक्ति लुटेरों की बाइक का पूरा रजिस्ट्रेशन नंबर नोट नहीं कर पाया था। लूटपाट की सूचना मिलते ही तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों के रास्ते का पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए थे।

## क्या दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों की समस्याओं का मजबूती से हो पाएगा समाधान ? सरकार बना रही योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में 10 साल तक राज किया, लेकिन रेहड़ी-पटरी वालों के लिए एक मज़बूत शिकायत निवारण तंत्र स्थापित नहीं हो पाया। रेहड़ी-पटरी वालों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना पड़ा, यहां तक कि उनके स्टॉल लगाने के लिए अधिकृत स्थान भी तय नहीं हो पाए। अब, भाजपा सरकार सत्ता में आ गई है, लेकिन इन लोगों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।




इन सबके बीच, दिल्ली सरकार के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए शिकायत निवारण तंत्र को मज़बूत किया जाएगा। इसके लिए, नगर निकायों के पैनल में सामाजिक कार्य पृष्ठभूमि वाले पेशेवरों को शामिल किया जाएगा।

सरकार के शहरी विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड की रेहड़ी-पटरी वालों के लिए विवाद समाधान समितियों में दो-दो सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करने की योजना बना रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदकों के पास सामाजिक कार्य या रेहड़ी-पटरी वालों के मुद्दों से निपटने का पर्याप्त ज्ञान या कम से कम 10 साल का अनुभव होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यों और नागरिक मुद्दों के अनुभव वाले ये सदस्य समितियों के समक्ष रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा दायर शिकायतों को निपटाने और बेहतर विवाद समाधान सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। उनका मानना है कि इससे रेहड़ी-पटरी वालों की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में लाखों रेहड़ी-पटरी वाले हैं, लेकिन नगर निकायों में पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या केवल लगभग 1.5 लाख है।

### दिल्ली पुलिस ने काला जठेडी गैंग के छह सदस्यों को किया गिरफ्तार, अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियारों के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए काला जठेडी गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से छह पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सहदेव उर्फ देव, साहिल, रोहित, सत्यानारायण, राज राहुल और रविंदर के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) हर्ष इंडोरा ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी सहदेव ने खुलासा किया कि वह अलीगढ़ से अवैध हथियार लाकर गैंग के सदस्यों को उनकी मांग पर सप्लाई करता था। सहदेव के इशारे पर बाकी गैंग सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया।

## पुतिन बोले- भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश, स्वतंत्र-संप्रभु नीति अपना रहा

**मॉस्को, एजेंसी।**
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है।

क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है। पुतिन ने भरोसा जताया कि भारत और रूस क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद जारी रखेंगे।

## अर्जेंटीना में नशे के सौदागरों का आतंक, तीन युवतियों की तड़पाकर की हत्या; इंस्टाग्राम पर भी किया लाइव

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।**
अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में तीन युवतियों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि, इनकी हत्या न सिर्फ बेरहमी से की गई, बल्कि इसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लाइव भी दिखाया गया। ये वारदात नशे के गिरोह से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 20 वर्षीय मोरेना वेरदी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो, जो आपस में चचेरी बहनें थीं, और 15 वर्षीय लारा गुटिरेज शामिल हैं। इनके शव बुधवार को ब्यूनस आयर्स के दक्षिणी इलाके में एक घर के आंगन में दफन मिले। ये तीनों 19 सितंबर से लापता थीं। पुलिस जांच में पता चला कि युवतियों को पार्टी का झांसा देकर एक वैन में ले जाया गया। वहां गिरोह के लोगों ने उन्हें यातनाएं दीं और फिर उनकी हत्या कर दी। इस गिरोह का मकसद दूसरों को डराना और यह संदेश देना था कि उनसे नशीली दवाओं की चोरी करने वालों का यही अंजाम होगा। अधिकारियों के अनुसार, यह खौफनाक घटना इंस्टाग्राम के एक निजी अकाउंट पर लाइव दिखाई गई, जिसे 45 लोगों ने देखा। हालांकि इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा का कहना है कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि वीडियो उनके प्लेटफॉर्म पर लाइव किया गया। अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवतियों की यातना इतनी भयानक थी कि उनके शरीर की पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस का कहना है कि उनके नाखून उखाड़े गए, उंगलियां काटी गई और उन्हें पीटने के बाद गला घोंटकर मार डाला गया। इस मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पांचवें आरोपी को बोलिविया की सीमा पर मौजूद शहर विलाजोन से पकड़ा गया। लेकिन इस साजिश का मुख्य आरोपी, जो 20 वर्षीय पेरू का नागरिक है, अब भी फरार है। वहीं इस हत्याकांड के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और संसद तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने लारा, ब्रेंडा, मोरेना लिखी तख्तियां और बैनर लेकर न्याय की मांग की। ब्रेंडा के पिता ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। मेरी बेटी के साथ जो हुआ।